<u>समाचार</u>

# जनस्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी, हम सबका नैतिक दायित्व – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया उद्घाटन )

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ,सभापति श्री नूतनसिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, दीपका नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण रहे उपस्थित)




कोरबा 24 मार्च 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज कहा कि आमजनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो, शासन प्रशासन की सभी स्वास्थ्यपरक योजनाओं का उन्हें समुचित लाभ मिले, उनके इलाज व बीमारियों की जांच पर अनावश्यक व्यय न हों, समय पर उनका इलाज हो, यह हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होने कहा कि हम जनप्रतिनिधिगण यदि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सभी जानकारियों से अवगत रहेंगे तभी हम अपने वार्ड व अपने क्षेत्र की जनता को उचित सुझाव, सलाह व आवश्यक सहयोग दे पाएंगे, अतः सभी पार्षदबंधुओं से आग्रह है कि वे स्वास्थ्य सेवाओ के प्रति सजग रहे, जानकारियों को अपडेट करते रहे तथा इसमें स्वास्थ्य विभाग का आवश्यक सहयोग भी समय–समय पर प्राप्त करें। उन्होने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर कहीं। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर आज निगम के नेहरू सभागार में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत नगरीय जनप्रतिनिधिगणों, जनसेवकों की लोकस्वास्थ्य सेवाओं में भागीदारी को उत्कृष्टता प्रदान करने हेतु संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम कोरबा के सौजन्य से आयोजित उक्त कार्यशाला का उद्घाटन महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने किया, इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सभापति श्री नूतनसिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, दीपका नगर पालिका के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य व पार्षदगण उपस्थित थे। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन निश्चित रूप से एक सराहनीय व स्वागतेय कदम है, इस कार्यशाला के माध्यम से जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, बीमारियों के कारण एवं उनके बचाव आदि सहित स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जानकारियॉ हमें सुगम रूप से प्राप्त हो रही हैं, उन्होने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग स्वास्थ्य विभाग को मिलेगा।

**अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन** – इस अवसर पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य का बेहतर स्वास्थ्य हो, शरीर स्वस्थ हो, यह सबसे बड़ा धन है, एक स्वस्थ शरीर धारण करने वाला मनुष्य ही अपने सभी दायित्वों का सफल निर्वाह कर सकता है, बीमारियॉ हमें कब ग्रसित कर लें, यह बताना संभव नहीं है, अतः हमें सदैव सजग एवं सतर्क रहना होगा। उन्होने कहा कि हमारे वार्ड पार्षद अपने वार्ड के मुखिया होते हैं, विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में वार्ड के लोग उनसे सलाह, मशविरा करते हैं, उन्होने पार्षदगणों का आव्हान करते हुए कहा कि आप एक ऐसा सहयोगी रखें जो वार्ड के लोगों की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर सतर्क नजर रख सकें। उन्होने कहा कि प्रत्येक स्लम बस्ती का सर्वे हो, कि किस–किस क्षेत्र में कौन सी ज्यादा बीमारी की संभावना रहती है, उसी अनुरूप सेवाओं को गति एवं दिशा दी जाए। उन्होने कहा कि वार्ड पार्षद कार्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों तथा उनकी उपलब्धता की जानकारी का बोर्ड लगा हो, जिससे वहॉ पर आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की सहज जानकारी उपलब्ध हो सके।

**स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्टता पर हो कार्य** – इस मौके पर सभापति श्री नूतनसिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने कोरोना महामारी से एक बड़ी लड़ाई लड़ी है तथा उस पर विजय पाई है, हम आगे भी किन्हीं भी परिस्थितियों से लडेंगे, जनस्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं की उत्कृष्टता पर कार्य करेंगे, निश्चित रूप से आमजनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, यह हम सबका परम दायित्व होना चाहिए।

**कोरबा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर शासन प्रशासन का पूरा सहयोग** – इस मौके पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी हेतु लगातार कार्य हो रहे हैं तथा इसमें शासन प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है, उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में विकास के अन्य क्षेत्रों के साथ–साथ चिकित्सा व शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राज्य सरकार पूरा फोकस रख रही है, कोरबा के विधायक व उद्योग, वाणिज्य मंत्री श्री लखनलाल देवांगन इस दिशा में अपनी पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहे हैं।

**सी.एम.एच.ओ. ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर डाला प्रकाश** – इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने आयोजित कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आमनागरिकों

को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की, उन्होने कोरबा जिले में उपलब्ध समस्त स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सालयों, कोरबा शहरी क्षेत्रों में विभाग द्वारा संचालित क्लीनिक, पॉली क्लीनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज आदि की बिन्दुवार जानकारी दी एवं वहॉ पर उपलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों, सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए 104 नम्बर पर शिकायत दर्ज कराएं।

**पार्षदों की जिज्ञासाओं का समाधान** – इस मौके पर पार्षद चन्द्रलोक सिंह, रवि सिंह चंदेल, कृपाराम साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, मुकुंद सिंह कंवर, अजय कुमार चन्द्रा सहित अन्य पार्षदों ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी चाही एवं अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त की। इस पर सी.एम.एच.ओ. डॉ.केशरी ने पार्षदों की जिज्ञासाओं का समुचित समाधान किया तथा जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज व सी.एम.एच.ओ. कार्यालय के आपसी समन्वय के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर स्वरूप दिए जाने की बात कही।